किसानों के सशक्तिकरण से ही होगा देश का विकास–जिला प्रमुख

विशाल स्तर पर वृक्षारोपण के लिए जागृति लाने के संकल्प के साथ अभियान का शुभार भ

आबू रोड, ᒥ जून, निसं। भारत की आत्मा आज भी गांवों में बसती है। भारत की सžार फीसदी लोग भी आज भी गॉवों में रहते हैं। यदि किसान अनाज उत्पादन बंद कर दे तो देश जीना दूभर हो जायेगा। जब किसानों का सशक्तिकरण होगा तभी देश का विकास स भव है। उक्त उदगार जिला प्रमुख पायल परसराम पुरिया ने व्यक्त किये। वे ब्रह्माकुमारीज संस्था के शांतिवन में संस्थान के ग्राम विकास प्रभाग द्वारा आयोजित किसान सशक्तिरण तथा वृक्षारोपण एवं वृक्षपालन अभियान में उपस्थित लोगों को स बोधित कर रही थी।

उन्होंने कहा कि सिरोही भौगोलिक दृष्टिकोण से उपजाउ है परन्तु पानी की समस्या लगतार बनी रहती है। यदि ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाये जाये तो इससे इस समस्या का निदान हो सकता है। इसके लिए किसानों में जागृति और सशक्तिकरण दोनो ही जरूरी है। ब्रह्माकुमारीज संस्थान का प्रयास निश्चित तौर इस क्षेत्र के साथ देश के विभिन्न हिस्सों में इसके प्रति जागृति लायेगा। जिला प्रमुख ने रासायनिक खादों के बजाए जैविक और यौगिक खेती करने की अपील की।

इस अवसर पर ग्राम विकास प्रभाग के मु यालय संयोजक बीके राजू ने कहा कि हमारा प्रयास है कि देश का किसान समृद्ध और खुशहाल रहे। इसके लिए किसानों में सशक्तिकरण के साथ सामाजिक कुरीतियों को मिटाने के लिए भी प्रेरित करना पड़ेगा। जब किसान जागरूक हो जायेगा तो वह समृद्ध हो जायेगा। योंकि उनकी आय का ज्यादातर हिस्सा व्यर्थ चीजों में चला जाता है। ग्राम विकास प्रभाग लगातार इसके लिए सरकार के साथ मिलकर कार्य कर रहा है।

कार्यक्रम में दांतीवाड़ा प्रोजेट के डीएफओ अग्निहोत्री ने कहा कि ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने के से ही पर्यावरण की सुरक्षा की जा सकती है। बिना पौधे के मनुष्य का जीवन खतरे में पड़ जायेगा। यूआईटी सचिव अरविन्द जाखड़ ने भी इस अभियान से निश्चित तौर पर किसानों में सशक्तिकरण के साथ पर्यावरण बचाने के लिए मदद मिलेगी।

इस अभियान के अवसर पर शांतिवन के मु य अ ायन्ता बीके भरत, पर्यावरणविद बीके मोहन सिंघल, उमरनी सरपंच समेत कई लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम में अभियान की कोआर्डिनेटर जमीला समेत, अनूप सिंह, रामसुख मिश्रा, पांडव भवन के बीके शशिकांत समेत कई लोग उपस्थित थे।

यौगिक और जैविक खेती की जानकारी: अभियान के दौरान प्रतिदिन सायंकाल ग्रामीणों के साथ चोपाल लगाकर जैविक तथा यौगिक खेती की जानकारी दी जायेगी तथा इसके प्रति जागरूक किया जायेगा।

ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने की अपील: इसके साथ ही ग्रामीणों को ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाकर पर्यावरण बचाने की अपील की जायेगी। कार्यक्रम के अंत में जिला प्रमुख पायल परसराम पुरिया तथा डीएफओ समेत कई लोगों ने पौधे लगाये। हरी झंडी दिखाकर अतिथियों ने झंडी दिखाकर रवानगी दी।

फोटो, म्एबीआरओपी, क, ख, फ, ब, भ कार्यक्रम में स बोधित करती जिला प्रमुख, हरी झंडी दिखाकर रवाना करते अतिथि, पौधे लगाती जिला प्रमुख तथा अन्य।